रणजीत टाइम्स

इंदौर

शुक्रवार, 13 नवम्बर, 2026

वर्ष 02 | अंक 268 कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

न्यूज की तरह जिंदगी में भी डेडलाइन जरूरी

● मोदी बोले-न्यूजरूम में कुछ भी असंभव नहीं माना जाता ● पीएम बोले-सीएम बना तो मुझसे पहले मीडिया को पता था



नई दिल्ली (एजेंसी)। पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में दीपावली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि न्यूजरूम में कुछ भी असंभव नहीं माना जाता। मोदी ने कहा कि भूकंप हो या बाढ़, जब लोग जान बचाकर भाग रहे होते हैं, तब रिपोर्टर अपनी जान जोखिम में डालकर और परिवार की चिंता छोड़कर खबर की कवरेज करते हैं। न्यूज की दुनिया में डेडलाइन सबसे जरूरी होती है। उसी तरह जिंदगी में भी डेडलाइन जरूरी होती है। मोदी ने कहा- मैं 11 अशोका रोड पर पड़ा रहता था।

भारत की सफलता की कहानियां दुनिया तक पहुंचाएं

21वीं सदी में कम्युनिकेशन सबसे बड़ी ताकत है। भारत के पास सस्ता डेटा और दुनिया को सुनाने के लिए उपलब्धियों की कई कहानियां हैं। मीडिया भारतीय प्रतिभाओं, सफलताओं और प्रेरणादायक लोगों को अधिक जगह दे। देश की उपलब्धियों को दुनिया तक पहुंचाना भी देश सेवा का माध्यम है। मीडिया युवाओं को नशे की लत से बचाने और इसके खिलाफ जागरुकता फैलाने में भूमिका निभाए।

पत्रकारों के साथ पुराने रिश्ते और मीडिया में बदलाव

फैक्स से लेकर इंस्टाग्राम रील तक मीडिया का स्वरूप बदल चुका है। पहले खबरों की कवरेज ओबी वैन से होती थी, अब मोबाइल ही ओबी वैन बन गया है। 2001 में गुजरात का मुख्यमंत्री बनने की खबर पत्रकारों को उनसे पहले मिल गई थी। पत्रकारों ने उन्हें मिठाई खिलाने को कहा। कई पत्रकार अपने खर्चे पर शपथ ग्रहण समारोह में भी पहुंचे थे। पत्रकारिता में डेडलाइन से काम की प्राथमिकताएं तय होती हैं और रफ्तार बढ़ती है। देश के सामने भी 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की डेडलाइन है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए छोटे-बड़े चरणों में काम करना होगा, 2047 तक इंतजार नहीं करना है। भारत दुनिया के बड़े मोबाइल फोन निर्माता देशों में शामिल है। चिनाब नदी पर दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल बना है।

बंटवारे के बाद पोता दादा की संपत्ति का दावेदार नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि अगर दादा की संपत्ति उनके कानूनी वारिसों में बंट चुकी है, तो पोता जन्म के आधार पर उसमें अपना हिस्सा नहीं मांग सकता। जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और जस्टिस सुनीता अग्रवाल की बेंच ने 1997 में एक नाबालिग पोते की तरफ से दायर बंटवारे का मुकदमा खारिज कर दिया। फैसला 6 नवंबर को सुनाया गया, जिसकी जानकारी 11 नवंबर को सामने आई। मामला चेन्नई के 1,811 स्क्वायर फीट के एक मकान / प्लॉट का था। पोते का दावा था कि उसे जन्म से ही दादा की संपत्ति में कोपार्सनरी हक मिला है, इसलिए उसे भी हिस्सा मिलना चाहिए। यह मुकदमा नाबालिग पोते की ओर से दायर किया गया था। सुप्रीम कोर्ट बोला- ऐसा नहीं होगा, क्योंकि हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 8 के तहत पिता को मिला हिस्सा पहले ही उसकी व्यक्तिगत संपत्ति बन गया था। 1811 स्क्वायर फीट की यह संपत्ति चेन्नई में थी। मूल मालिक पोते के दादा थे। दादा की बेटी (पोते की बुआ) ने 1993 में बंटवारे का मुकदमा किया। फरवरी 1994 में समझौते से बंटवारा हो गया, पोते के पिता को हिस्सा मिला। पिता ने अप्रैल 1997 में दो सेल डीड से अपना हिस्सा बेच दिया।

यूपी में चंद्रशेखर-ओवैसी की पार्टियों में गठबंधन

● सभी 403 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव, चंद्रशेखर सीएम फेस ● प्रदेश में 40 फीसदी दलित-मुस्लिम वोट, दोनों की नजर



लखनऊ (एजेंसी)। यूपी विधानसभा चुनाव से पहले एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने गठबंधन का ऐलान किया है। इसका नाम सामाजिक परिवर्तन मोर्चा रखा गया है। गठबंधन यूपी की सभी 403 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगा। गुरुवार को लखनऊ में संयुक्त प्रेसवार्ता में ओवैसी ने कहा कि चंद्रशेखर यूपी में सीएम का चेहरा होंगे। भाजपा को रोकने के लिए हमारा मोर्चा मजबूत विकल्प बनेगा।

भाजपा को रोकने के लिए एक मजबूत विकल्प बनेगा

असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि यह मोर्चा भाजपा को रोकने के लिए एक मजबूत विकल्प बनेगा। साथ ही दलितों और मुस्लिमों को राजनीतिक भागीदारी में बराबर का हक दिलाने की कोशिश करेगा। वहीं, चंद्रशेखर आजाद ने इसे तीसरा नहीं, बल्कि पहला मजबूत मोर्चा बताते हुए कहा कि अब राजनीतिक अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चंद्रशेखर ने घोषणा की कि 26 नवंबर को बहुजन समाज महासम्मेलन महारैली आयोजित की जाएगी।

घर में सोना कहां से आया महिलाओं को बताना होगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में कई सालों से यह नियम चला आ रहा है कि अगर आयकर विभाग की छापेमारी हो, तो शादीशुदा महिला के पास 500 ग्राम तक सोना होने पर अधिकारी उसे जब्त नहीं कर सकते। इसी नियम का फायदा उठाकर कई लोग मान लेते थे कि 500 ग्राम तक सोना रखने पर किसी को कोई जवाब नहीं देना होगा, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने अब एक बड़ा स्पष्टीकरण दिया है। जस्टिस केवी विश्वनाथन और जस्टिस अरुण पल्ली की बेंच ने कहा- सोना जब्त न होना और उसका मालिक होना दो अलग बातें हैं। यह फैसला बिहार की एक पूर्व अफसर के मामले में आया, जिन पर भ्रष्टाचार का आरोप था। उन्होंने 500 ग्राम सोना होने का हवाला देकर बचने की कोशिश की थी। बिहार की पूर्व बाल विकास परियोजना पदाधिकारी फूलपरी कुमारी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला था। 2015 में बिहार विजिलेंस ने उनके खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच में उनके पास 646.400 ग्राम सोने के आभूषण मिले।

लापता दोनों स्पेशल पुलिस ऑफीसर के शव मिले

शरीर गोलियों से छलनी, हथियार भी गायब; सेना के साथ जंगल में सर्चिंग पर गए थे

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के मारवाह के जंगल में बुधवार शाम को लापता हुए जम्मू-कश्मीर पुलिस के दो एसएचओ के शव मिले हैं। दोनों शव गोलियों से छलनी हैं। उनके पास 60 राउंड वाली एक इंसास राइफल और 50 राउंड वाली एक 303 राइफल थी। दोनों के ही हथियार गायब हैं। दोनों आर्मी के साथ इलाके में सर्चिंग के लिए गए थे। जब वे लापता हुए थे, तब जंगल से फायरिंग की आवाजें भी सुनाई दी थीं। मृतकों की पहचान रशपाल कुमार और बाबी चंद के रूप में हुई है। दोनों एसएचओ के लापता होने के दौरान इसी इलाके में एयरटेल नेटवर्क सेवाएं बाधित होने की जानकारी भी सामने आई थी। एयरटेल कंपनी ने इसी साल 10 मार्च को मरवाह इलाके में पहली बार मोबाइल नेटवर्क



सेवा शुरू की थी। 15 अक्टूबर 2026 को एसएचओ बशीर अहमद किश्तवाड़ के त्रिगाम स्थित पुलिस पिकेट से सर्विस राइफल के साथ लापता हुए थे। अगले दिन 16 अक्टूबर को उनका शव त्रिगाम के जंगल में एक नाले के पास गड्ढे में दबा मिला। पुलिस ने इस हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

बारामूला के जंगल में 2 हैंड ग्रेनेड मिले संदिग्ध गिरफ्तार

सुरक्षाबलों ने गुरुवार को बारामूला जिले में तलाशी अभियान के दौरान दो हैंड ग्रेनेड बरामद किए हैं। पुलिस ने इस मामले में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। बारामूला पुलिस ने सेना के साथ मिलकर तंगमर्ग के बदरकोट जंगल में एरिया से बदरकोट निवासी गुलाम जिलानी रेशी को पकड़ा गया। उसके पास से हैंड ग्रेनेड थे।

केजरीवाल को लॉरेंस गैंग से मिली धमकी फर्जी

मोहाली (एजेंसी)। दिल्ली में तिलक नगर से आम आदमी पार्टी के विधायक जरनैल सिंह ने पुलिस को शिकायत दी है कि लॉरेंस गैंग ने अरविंद केजरीवाल से 7 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी है। खुद को लॉरेंस गैंग का सदस्य बताने वाले एक अज्ञात व्यक्ति ने उनके फोन और वॉट्सऐप मैसेज के जरिए यह धमकी दी है। दिल्ली के तिलक नगर से एएपी विधायक जरनैल सिंह ने कहा- 6 नवंबर 2026 को शाम करीब 6 बजे उनके निजी मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात नंबर से कॉल और वॉट्सऐप मैसेज आया। वॉट्सऐप प्रोफाइल पर 9 -2 नाम प्रदर्शित हो रहा था। आरोपी ने मैसेज में लिखा, लॉरेंस गैंग से हूं, अरविंद केजरीवाल को बोल दे 7 करोड़ दे दो नहीं तो अरविंद केजरीवाल और उसकी बेटी हर्षिता केजरीवाल को जान से मार दूंगा।

गांधीसागर में 18 नवंबर को होगी एमपी की डेस्टिनेशन कैबिनेट

● 11500 करोड़ रुपए का हाइड्रो स्टोरेज प्रोजेक्ट बनेगा आकर्षण का केंद्र

भोपाल। एमपी कैबिनेट की मीटिंग अलग-अलग जगहों पर होती रही है। इस बार 18 नवंबर को गांधी सागर में डेस्टिनेशन कैबिनेट होगी। डेस्टिनेशन कैबिनेट के दौरान 11500 करोड़ रुपए का हाइड्रो स्टोरेज प्रोजेक्ट आकर्षण का केंद्र रहेगा। यह प्रदेश में अपने तरह का पहला प्रोजेक्ट है। इससे बिजली की दरें भी कम होगी।

'गांधीसागर पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज परियोजना' को ग्रीनको ग्रुप तैयार कर रहा है। यह देश में निर्माणाधीन सबसे बड़ी स्वतंत्र पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज प्रोजेक्ट है। 1920 मेगावाट भंडारण क्षमता वाली यह परियोजना नीमच जिले की रामपुरा तहसील स्थित खेमला ब्लॉक के गांव में स्थापित की जा रही है। 11500 करोड़ लागत वाली यह परियोजना करीब 414 हेक्टेयर भूमि पर आकार ले रही है। इतनी बड़ी



परियोजना में दो जलाशयों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसमें निचला जलाशय तो मौजूदा गांधीसागर जलाशय है। साथ ही ग्रीनको ने नया जलाशय भी बनाया है। इस परियोजना में पानी की खपत ही नहीं होगी, बल्कि उसका बार-बार इस्तेमाल किया जा सकेगा। इसमें ग्रिड से मिलने वाली अतिरिक्त सौर या पवन ऊर्जा से मोटरों को आगे-पीछे चलाया जाएगा। इसके जरिए पानी को निचले जलाशय से ऊपरी जलाशय में पंप करके भेजा जाएगा। पीक आवर्स में ऊपरी जलाशय से पानी निचले जलाशय में छोड़ा जाएगा। इस दौरान वही मोटरें उल्टी दिशा में घूमकर टरबाइन के रूप में नवीकरणीय बिजली पैदा करेंगी।

कंपनियों को होगी वित्तीय बचत- खास बात यह भी है कि इस परियोजना के निर्माण के दौरान लगभग 4,000 लोगों के लिए रोजगार उपलब्ध कराया गया है। इसे चलाने और रखरखाव के दौरान साइट पर करीब 200 लोगों को स्थायी रोजगार मिलेगा।

कंपनियों को होगी वित्तीय बचत

खास बात यह भी है कि इस परियोजना के निर्माण के दौरान लगभग 4,000 लोगों के लिए रोजगार उपलब्ध कराया गया है। इसे चलाने और रखरखाव के दौरान साइट पर करीब 200 लोगों को स्थायी रोजगार मिलेगा। दरअसल, मोहन यादव के निर्देश पर यह तय किया गया कि इस परियोजना का निर्माण करने वाली कंपनी मध्यप्रदेश के योग्य स्थानीय उम्मीदवारों को अधिकतम रोजगार देगी। पीक आवर्स में पैदा हुई बिजली को एनटीपीसी, एसईसीआई और प्रदेश सहित अन्य राज्यों की बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम्स) को भी बेचा जाएगा। इस परियोजना की यह भी खासियत है कि यह अतिरिक्त सौर और पवन ऊर्जा को संग्रहित करती है। इस तरह नवीकरणीय ऊर्जा बर्बाद होने से बच जाती है। इसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि ग्रिड को लचीला बनाया जा सके, समय पर मांग के अनुसार ग्रीन एनर्जी दी जा सके और देश के डी-कार्बोनाइजेशन लक्ष्य को गति मिल सके। चंबल नदी पर स्थित एशिया के प्रमुख मानव निर्मित जलाशयों में शुमार गांधी सागर जलाशय मंदसौर और नीमच जिलों सहित पूरे प्रदेश के सामाजिक-आर्थिक विकास का सशक्त केंद्र बन चुका है।

जिले की 2.71 लाख से अधिक लाडली बहनों को आज मिलेगी नवम्बर माह की राशि

धर्मेन्द्र गुप्ता - विदिशा। मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना 2023 के अंतर्गत लाभार्थी महिलाओं को माह नवम्बर 2026 की मासिक आर्थिक सहायता राशि का अंतरण 13 नवम्बर 2026 (शुक्रवार) को किया जाएगा। मुख्यमंत्री जी द्वारा यह राशि पिछोर, जिला शिवपुरी में आयोजित कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की जाएगी।विदिशा जिले में माह नवम्बर 2026 में कुल 2,71,144 पात्र महिलाओं को राशि का अंतरण किया जाएगा। इन सभी के स्वीकृति आदेश बनाकर लॉक एवं प्रेषित किए जा चुके हैं, तथा भुगतान आदेश डिजिटली साइन कर बैंक को भेजे गए एवं बैंक द्वारा वैध पाए गए हैं। जनपद पंचायतों के अंतर्गत 2,16,620 तथा नगरीय निकायों (नगर पालिका एवं नगर परिषद) के अंतर्गत 54,524 हितग्राही महिलाएं लाभान्वित होंगी। जनपद व निकायवार हितग्राही महिलाओं की जानकारी तदानुसार जनपद पंचायत बासौदा 40,487, जनपद पंचायत ग्यारसपुर 24,286,जनपद पंचायत कुरवाई 27,325, जनपद पंचायत लटेरी 25,514, जनपद पंचायत नटेरन 33,138,-

युवा पुलिस अधिकारियों का सम्मान

रणजीत टाइम्स
ranjeettimes.com

इंदौर। नेताजी सुभाष मंच एवं श्री गीतारामेश्वरम् ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में युवा आईपीएस पुलिस अधिकारी अभिषेक रंजन और ओमप्रकाश सिंह झोन-& का स्मृति चिन्ह, अभिनन्दन पत्र देकर सम्मानित किया। मंच के अध्यक्ष श्री परमालिया ने बताया कि युवा पुलिस अधिकारियों के द्वारा उनके क्षेत्रों में कसावटी कार्यनिर्देशों के चलते अपराधों पर लगाम लगना और त्यौहारों का शांतिपूर्ण एवं उत्साह से सम्पन्न करवाने पर अधिकारियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष मदन



परमालिया, सेंट्रल कोतवाली के थाना संयोजक पुनम गोयल, सुदीप पटेल, यश महेश गोयल ने सम्मानित कर युवा अधिकारियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।

10 सूत्रीय मांगों को लेकर ड्राइवर महासंगठन की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू, छुरा बस स्टैंड पर वाहन चालकों ने किया चक्काजाम,

सुरक्षा, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा की मांग को लेकर प्रदेशभर में आंदोलन का आगाज; मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान,





छुरा।छत्तीसगढ़ में वाहन चालकों की विभिन्न समस्याओं, सुरक्षा और सामाजिक अधिकारों को लेकर छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन ने 12 नवंबर 2026 से प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन चक्काजाम आंदोलन शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में गरियाबंद जिले के छुरा नगर में भी आदर्श वाहन चालक कल्याण संघ छुरा के नेतृत्व में बस स्टैंड पर वाहन चालकों ने आंदोलन शुरू किया। संगठन के पदाधिकारियों एवं वाहन चालकों ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया है। संगठन का कहना है कि वाहन चालक दिन-रात सड़कों पर रहकर यात्री एवं माल परिवहन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाते हैं। इस दौरान उन्हें कई प्रकार की जोखिमपूर्ण परिस्थितियों, सड़क दुर्घटनाओं, आर्थिक असुरक्षा और सामाजिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद उनके परिवारों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और बुढ़ापे में आर्थिक सहायता के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। लंबे समय से इन समस्याओं के समाधान की मांग की जा रही है, लेकिन ठोस पहल नहीं होने के कारण अब आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है।

ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड और सुरक्षा आयोग गठन की मांग

छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों में प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी लागू करने के साथ ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड तथा ड्राइवर सुरक्षा आयोग के गठन की मांग प्रमुखता से उठाई है। संगठन का मानना है कि ड्राइवरों के हितों की रक्षा, उनकी समस्याओं के निराकरण और कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी संचालन के लिए अलग से संस्थागत व्यवस्था होनी चाहिए। इसके अलावा संगठन ने मांग की है कि सड़क दुर्घटना में किसी वाहन चालक की मृत्यु होने पर उसके परिवार को 20 लाख रुपये तथा दुर्घटना में दिव्यांग होने की स्थिति में परिवार को 10 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए, ताकि संकट की घड़ी में प्रभावित परिवार को आर्थिक सहारा मिल सके

55 वर्ष के बाद पेंशन और परिवार को हेल्थ कार्ड- वाहन चालकों के सामाजिक एवं पारिवारिक हितों को ध्यान में रखते हुए संगठन ने 1 सितंबर को ड्राइवर दिवस घोषित करने की मांग की है। साथ ही ड्राइवरों के बच्चों को निजी स्कूलों में शिक्षा के लिए आरक्षण देने तथा उनके परिवारों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हेल्थ कार्ड जारी करने की मांग भी रखी गई है। संगठन ने 55 वर्ष की आयु पूरी करने वाले वाहन चालकों को सरकार की ओर से नियमित पेंशन देने की मांग की है। उनका कहना है कि जीवन का अधिकांश समय सड़कों पर बिताने वाले चालकों को उम्र बढ़ने के बाद आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में उनके लिए पेंशन की व्यवस्था सामाजिक सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगी।

बीएनएस की धारा 105 को हटाने की मांग- आंदोलन के दौरान भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 105 के तहत 10 वर्ष तक की सजा और 8 हजार रुपये जुर्माने के प्रावधान को लेकर भी संगठन ने विरोध जताया है। संगठन ने इस प्रावधान को वाहन चालकों के हितों के प्रतिकूल बताते हुए इसे हटाने की मांग की है।

प्रदेशभर के वाहन चालकों से एकजुट होने की अपील

छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन ने पोस्टर जारी कर प्रदेश के समस्त वाहन चालकों से आंदोलन में शामिल होने और एकजुटता दिखाने की अपील की है। संगठन ने 'संगठन में ही शक्ति है' का नारा देते हुए कहा है कि ड्राइवरों के अधिकार, सम्मान और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर सामूहिक आवाज उठाना जरूरी है। छुरा में आदर्श वाहन चालक कल्याण संघ द्वारा आंदोलन शुरू किए जाने के बाद अब क्षेत्र के वाहन चालकों की निगाहें शासन-प्रशासन की प्रतिक्रिया पर टिकी हैं।

संगठन की प्रमुख मांग है कि सरकार उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए 10 सूत्रीय मांगों पर ठोस निर्णय ले। फिलहाल वाहन चालकों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

ड्राइवर महासंगठन की 10 सूत्रीय प्रमुख मांगें छत्तीसगढ़ में पूर्ण शराबबंदी लागू की जाए। प्रदेश में ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड का गठन किया जाए। ड्राइवर सुरक्षा आयोग बनाया जाए। सड़क दुर्घटना में ड्राइवर की मृत्यु पर परिवार को 20 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए। दुर्घटना में दिव्यांग होने पर परिवार को 10 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए। प्रत्येक वर्ष 1 सितंबर को ड्राइवर दिवस घोषित किया जाए। ड्राइवरों के बच्चों को निजी स्कूलों में शिक्षा के लिए आरक्षण मिले। ड्राइवरों के परिवारों को हेल्थ कार्ड जारी किया जाए। 55 वर्ष की आयु पूरी होने पर ड्राइवरों को पेंशन दी जाए। बीएनएस की धारा 105 के प्रावधान को हटाया जाए। वहीं अगर वाहन चालकों का ये हड़ताल खत्म नहीं हुआ तो दैनिक दिनचर्या की वस्तूओं, पेट्रोल, डीजल,किराने का सामान जैसी चीजों पर आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

दृढ़ इच्छाशक्ति से बदलती है तस्वीर, बस्तर से पूर्वांचल तक सफलता और दिल्ली के प्रदूषण से मिलती सीख

किसी भी देश, राज्य या समाज के सामने खड़ी बड़ी समस्याओं का समाधान केवल योजनाएं बनाने और घोषणाएं करने से नहीं होता। इसके लिए मजबूत इच्छाशक्ति, स्पष्ट लक्ष्य, प्रभावी रणनीति और प्रशासनिक जवाबदेही की जरूरत होती है। जब राजनीतिक नेतृत्व किसी समस्या को गंभीरता से लेकर उसके समाधान के लिए प्रतिबद्ध होता है, तो वर्षों से चली आ रही चुनौतियों पर भी विजय प्राप्त की जा सकती है। इसका उदाहरण छत्तीसगढ़ का बस्तर क्षेत्र है, जो लंबे समय तक माओवादी आतंक का सबसे मजबूत गढ़ माना जाता था। कभी जिस इलाके में सुरक्षा बलों के लिए अभियान चलाना बेहद कठिन था, आज उसी बस्तर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दीपावली के अवसर पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों के बीच पहुंचे। यह बदलाव बताता है।

आत्मसंयम की कुंजी

रणजीत टाइम्स
ranjeettimes.com

आत्मसंयम तथा धैर्य खुशहाल, सफल व संतुलित जीवन के लिए आवश्यक गुण हैं। परंतु इनको स्वयं में स्थापित करने के मार्ग की सबसे बड़ी बाधा है क्रोध। क्रोध मनुष्य का एक स्वाभाविक भाव है, परंतु जब यह अनियंत्रित हो जाता है, तब यह व्यक्ति के जीवन में अनेक समस्याओं और विपत्तियों का कारण बनता है। क्रोध के प्रभाव में लिया गया निर्णय अक्सर गलत साबित होता है, जिससे परिवार, समाज और कार्यस्थल में तनाव, विवाद तथा संबंधों में दूरी उत्पन्न हो जाती है। इसलिए क्रोध पर नियंत्रण रखना एक सफल और सुखी जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। सहज योग एक ऐसी आध्यात्मिक साधना है जो व्यक्ति को भीतर से शांत, संतुलित और जागरूक बनाकर क्रोध पर नियंत्रण रखने की शक्ति प्रदान करती है। सहज योग की स्थापना परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी ने की।

इसका मुख्य उद्देश्य आत्मसाक्षात्कार के माध्यम से मनुष्य की आंतरिक शक्तियों को जागृत करना और उसके जीवन में संतुलन स्थापित करना है। सहज योग में कुंडलिनी शक्ति के जागरण के पश्चात व्यक्ति अपने भीतर शांति, आनंद और निर्मलता का अनुभव करता है। नियमित ध्यान करने से मन के अनावश्यक विचार कम होने लगते हैं, जिससे चिड़चिड़ापन, तनाव और क्रोध स्वतः घटने लगते हैं। जब मन शांत होता है, तब व्यक्ति परिस्थितियों को धैर्य और विवेक के साथ समझता है तथा बिना



आवेश के उचित निर्णय लेता है। क्रोध पर नियंत्रण का प्रभाव केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसके परिवार और समाज पर भी पड़ता है। शांत स्वभाव वाला व्यक्ति दूसरों के साथ प्रेम, सम्मान और सहयोग का व्यवहार करता है। इससे पारिवारिक जीवन में सौहार्द बना रहता है और सामाजिक संबंध भी मधुर होते हैं। कार्यस्थल पर भी ऐसा व्यक्ति बेहतर नेतृत्व, सहयोग और सकारात्मक वातावरण का निर्माण करता है। इस प्रकार सहज योग व्यक्ति को केवल मानसिक शांति ही नहीं देता, बल्कि उसे एक आदर्श नागरिक बनने की दिशा में भी प्रेरित करता है। सहज योग केवल ध्यान की एक विधि नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक श्रेष्ठ कला है।

आज के तनावपूर्ण और भागदौड़ भरे जीवन में सहज योग का महत्व और भी बढ़ गया है। आधुनिक जीवनशैली के कारण लोगों में तनाव, चिंता और क्रोध व आक्रामकता तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में सहज योग एक सरल, सहज और प्रभावी उपाय के रूप में हमारे सामने आता है। यह किसी विशेष आयु, धर्म या वर्ग तक सीमित नहीं है। नियमित ध्यान, आत्मनिरीक्षण और सकारात्मक जीवन-दृष्टि के माध्यम से सहज योग हमें अपने भीतर की शांति से जोड़ता है और जीवन की कठिन परिस्थितियों का सामना धैर्य एवं संतुलन के साथ करना सिखाता है।

कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करने हेतु टोल फ्री नम्बर 18002700800 अथवा www.sahajayoga.org.in पर सम्पर्क करें। सहजयोग पूर्णतया निशुल्क है।

सामाजिक कार्यकर्ताओं को 5 दिन बाद मिली सफलता, शिवसेना की पहल लाई रंग

बस स्टैंड परिसर में 20 दिनों से रह रहे निराश्रित कुष्ठ रोगी को पहुंचाया आश्रय धाम

पुनीत सेन

खंडवा। शहर के दादा माखनलाल चतुर्वेदी बस स्टैंड परिसर में पिछले करीब 20 दिनों से रह रहे एक निराश्रित कुष्ठ रोगी को आखिरकार सामाजिक कार्यकर्ताओं के प्रयासों से आश्रय धाम पहुंचाया गया। इस मानवीय पहल के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं की शहर में सराहना हो रही है। जानकारी के अनुसार, उक्त व्यक्ति खंडवा के पास नानखेड़ा का निवासी है। गांव में उसका कोई परिवार नहीं होने के कारण वह पिछले कई दिनों से बस स्टैंड परिसर में ही अपना जीवन गुजार रहा था। इस मामले की जानकारी कुछ समाजसेवियों ने पत्रकार गोपाल गीते तक पहुंचाई, जिसके बाद उन्होंने खबर प्रकाशित कर प्रशासन और सामाजिक संगठनों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया। खबर को संज्ञान में लेते हुए शिवसेना जिला



प्रमुख समाजसेवी गणेश भावसार ने आशा धाम से संपर्क किया। आश्रम की सिस्टर ने बताया कि वाहन में डीजल नहीं होने के कारण मरीज को लेने के लिए गाड़ी नहीं आ पा रही है। इसके बाद गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे समाजसेवी सुनील जैन, गणेश भावसार एवं मुख्तार मनिहार ने आपसी सहयोग से निजी खर्च पर ऑटो की व्यवस्था की और उक्त व्यक्ति को सुरक्षित आश्रय धाम पहुंचाया। पांच दिनों की लगातार कोशिशों के बाद मिली इस सफलता ने एक बार फिर साबित किया कि समाज के प्रति जिम्मेदारी और सेवा भावना से किसी जरूरतमंद की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। इस मानवीय कार्य की शहर में सराहना हो रही है।

महू विधानसभा क्षेत्र में किसानों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर 15 नवंबर, रविवार को किसान सम्मेलन आयोजित किया जाएगा



जितेन्द्र वर्मा

इस संबंध में विजेंद्र सिंह चौहान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आयोजन की जानकारी दी उन्होंने बताया कि किसान महा पंचायत के माध्यम से आयोजित इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य चोरल और विधानसभा क्षेत्र के सभी खाली तालाबों को नर्मदा जल से भरवाना और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराना है विजेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि इससे पहले वे क्षेत्र के करीब 35 गांवों में पहुंचकर किसानों से संवाद कर चुके हैं। इस दौरान किसानों ने बिजली बिल माफी, नियमित बिजली आपूर्ति, खाद की पर्याप्त उपलब्धता, किसान क्रेडिट कार्ड की किस्त माफी और रबी फसल के नुकसान का उचित मुआवजा देने सहित कई समस्याएं रखीं। इसके अलावा रेलवे और सड़क परियोजनाओं में अधिग्रहित होने वाली जमीन का वर्तमान मूल्य से चार गुना मुआवजा देने की मांग भी सम्मेलन में उठाई जाएगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

पंचायत क्षेत्र में पेड़ों की छंटाई के नाम पर बड़े पैमाने पर पेड़ों को किया जा रहा है, नेस्तनाबूद

मनमानीपूर्ण कार्रवाई से स्थानीय ग्रामीणों और पर्यावरण प्रेमियों में भारी रोष

महेन्द्र मालवीय
रणजीत टाईम्स



बुरहानपुर जिले की नेपानगर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत सीतापुर में प्रशासनिक नियमों और पर्यावरण संरक्षण के प्रावधानों को ताक पर रखकर हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई का गंभीर मामला सामने आया है। पंचायत क्षेत्र में पेड़ों की छंटाई के नाम पर बड़े पैमाने पर पेड़ों को नेस्तनाबूद किया जा रहा है, और हद तो तब हो गई जब स्कूल परिसर के भीतर खड़े हरे-भरे पेड़ों पर भी आरी चला दी गई। इस मनमानीपूर्ण कार्रवाई से स्थानीय ग्रामीणों और पर्यावरण प्रेमियों में भारी रोष व्याप्त है।

सचिव को ही नहीं है कोई जानकारी

इस पूरे मामले की सबसे बड़ी लापरवाही यह है कि ग्राम पंचायत के सचिव को पेड़ों की इस कटाई के संबंध में कोई भनक तक नहीं है। जब इस विषय पर ग्राम पंचायत सचिव से बात की गई, तो उन्होंने अनभिज्ञता जताते हुए कहा, "मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। मैं सरपंच साहब से बात करके बताता हूँ। बाउंड्रीवॉल बनाने का विषय जरूर चल रहा था, लेकिन पेड़ काटे गए हैं, इसकी मुझे कोई जानकारी नहीं है।" एक जिम्मेदार अधिकारी को पंचायत क्षेत्र में चल रही इस प्रकार की गतिविधियों की जानकारी न होना प्रशासनिक व्यवस्था पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा करता है। क्या कहती है पेड़ों की कटाई की वैधानिक प्रक्रिया ? नियमानुसार, यदि ग्राम पंचायत क्षेत्र में विकास कार्य या अन्य किसी कारणवश वृक्षों की कटाई की जानी है, तो उसके लिए एक सख्त प्रशासनिक और ऑनलाइन प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य होता है: पंचायत दर्पण पोर्टल पर आधिकारिक लॉगिन किया जाता है।पोर्टल पर संबंधित खसरा नंबर और वृक्षों की सटीक संख्या दर्ज की जाती है। निर्धारित आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा किया जाता है। इसके बाद राजस्व विभाग के पटवारी द्वारा मौके का स्थलीय निरीक्षण किया जाता है। अंत में ग्राम पंचायत का अंतिम आदेश और ट्रांजिट परमिट जारी होने के बाद ही नियमानुसार वैधानिक प्रक्रिया पूरी होती है। ग्रामीणों का आरोप है कि सीतापुर में इन तमाम कानूनी प्रावधानों और ऑनलाइन अनुमति की प्रक्रिया को दरकिनार कर पूरी तरह से मनमाने तरीके से पेड़ों की बलि दी जा रही है।

एसडीएम ने दिए जांच के निर्देश

हरे-भरे पेड़ों की कटाई और नियमों के उल्लंघन का यह मामला जब नेपानगर एसडीएम के संज्ञान में लाया गया, तो उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए कहा कि यह मामला उनके संज्ञान में आ गया है और इस पर त्वरित जांच की जाएगी। ग्रामीणों और पर्यावरण प्रेमियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस अवैध कटाई की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, स्कूल परिसर और पंचायत क्षेत्र में पेड़ों को नुकसान पहुंचाने वाले दोषियों व सरपंच की इस मनमानी पर कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाए।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद विदिशा पुलिस की सख्ती, दीपावली पर वाहन से स्टंट कर पटाखे फोड़कर उपद्रव करने वाले 05 युवकों पर की कार्रवाई

धर्मेन्द्र गुप्ता

03 युवकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई, 02 युवकों के वाहनों पर 3,500 की चालानी कार्रवाई दीपावली पर्व के दौरान कुछ युवकों द्वारा वाहनों से स्टंट करते हुए पटाखे फोड़कर उपद्रव करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो संज्ञान में आते ही विदिशा पुलिस द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना कोतवाली पुलिस को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।थाना कोतवाली पुलिस द्वारा वायरल वीडियो के आधार पर संबंधित व्यक्तियों की पहचान कर कुल 05 युवकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

इनमें से 03 युवकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें एसडीएम विदिशा के समक्ष पेश किया गया, जहां उनके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। वहीं, अन्य 02 युवकों के नाम से पंजीकृत/उनके द्वारा प्रयुक्त वाहनों के विरुद्ध यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालानी कार्रवाई की गई।आयुष रजावत पिता भगवानदास रजावत, उम्र 24 वर्ष, निवासी अनुपम मेगा सिटी, विदिशा। ऋषि ठाकुर पिता कुटिलाल ठाकुर, उम्र 19 वर्ष, निवासी रॉयल सिटी, विदिशा। हर्ष राजपूत पिता चेतन राजपूत, उम्र 19 वर्ष, निवासी किले अंदर, विदिशा।अनमोल गोस्वामी पिता प्रदीप गोस्वामी, उम्र 18 वर्ष, निवासी किले अंदर, विदिशा। पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक MP 40 MT 1838 पर 500 का चालान।आयुष राजपूत पिता सोनू राजपूत, उम्र 24 वर्ष, निवासी न्यू अरिहंत विहार कॉलोनी, विदिशा। बोलेरो वाहन पर 3,000 का चालान। उक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विदिशा श्री रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका तिवारी तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद राज, प्रधान आरक्षक विजय गुप्ता, आरक्षक अरविंद शर्मा, आरक्षक जीतू राजपूत एवं आरक्षक अर्जुन राजपूत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।दीपावली सहित अन्य त्योहारों के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर वाहन से स्टंट करना, पटाखे फोड़कर उपद्रव करना एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करना कानूनन दंडनीय है। सभी नागरिकों से अपील है कि त्योहारों को जिम्मेदारी एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। स्वयं एवं दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखें तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में विदिशा पुलिस का सहयोग करें।



थाना सिविल लाइन पुलिस की बड़ी सफलता: मणप्पुरम फाइनेंस से चोरी हुआ 17 लाख का सोना बरामद, कर्मचारी गिरफ्तार

धर्मेन्द्र गुप्ता

तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर चोरी का खुलासा, आरोपी ने घर की सीलिंग लाइट में छिपाकर रखा था सोना फरियादी शुभम तिवारी पिता मांगीलाल तिवारी, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम सिरनोटा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड, विदिशा शाखा के कार्यालय की दराज में गोल्ड लोन के विरुद्ध गिरवी रखा गया सोने का पैकेट रखा था, जिसे दिनांक 05.11.2026 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। ब्रांच मैनेजर द्वारा कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी राजेश साहू पर चोरी करने का संदेह व्यक्त किया गया था फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सिविल लाइन में अपराध क्रमांक 873/2026, धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।तकनीकी साक्ष्यों एवं साक्षियों के कथनों से खुला चोरी का मामला पुलिस अधीक्षक विदिशा श्री रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका तिवारी तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री सुरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में और थाना प्रभारी सिविल लाइन के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम द्वारा शाखा में लगे CCTV कैमरों के फुटेज का बारीकी से अवलोकन किया गया तथा साक्षियों के कथन लिए गए। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर संदेही राजेश साहू पिता गजराज सिंह साहू, उम्र 30 वर्ष, निवासी महुआखेड़ा पृथ्वीराज, थाना आनंदपुर, जिला विदिशा, हाल निवासी पूरनपुरा गली नंबर 04, एकता कॉलोनी, विदिशा से पूछताछ की गई।

इंदौर की स्वच्छता पर सियासी संग्राम, नंबर वन न आने को भाजपा सरकार का फेलियर बताया, महापौर को ठहराया जिम्मेदार

नेता प्रतिपक्ष सोनाली मिमरोट बोलीं- स्वच्छता की उपलब्धि जनता और सफाई मित्रों की मेहनत, महापौर विकास छोड़ रील बनाने में व्यस्त

इंदौर की स्वच्छता और शहर की व्यवस्थाओं को लेकर सियासत गरमा गई है। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सोनाली मिमरोट ने गुरुवार को प्रेस वार्ता कर भाजपा सरकार और महापौर पुष्यमित्र भार्गव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इंदौर की स्वच्छता की उपलब्धि किसी एक राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि शहर की जनता और सफाई मित्रों की मेहनत का परिणाम है। इंदौर की जनता जागरूक है और सफाई मित्र दिन-रात मेहनत करते हैं।



भाजपा सरकार पर लगाए आरोप- सोनाली मिमरोट ने आरोप लगाया कि प्रशासनिक तालमेल की कमी, अधिकारियों के आपसी मतभेद और मुख्यमंत्री व मंत्रियों के बीच खींचतान के कारण शहर के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की आदत बन गई है कि सही को सही नहीं ठहराना और झूठ को इतनी ताकत से बोलना कि वह सच लगने लगे।

महापौर की कार्यशैली पर उठाए सवाल - उन्होंने महापौर पुष्यमित्र भार्गव की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि पूर्व महापौर मालिनी गौड़ उनसे बेहतर काम करती थीं। वे खुद विकास कार्यों की मॉनिटरिंग करती थीं, जबकि वर्तमान महापौर विकास कार्यों पर ध्यान देने के बजाय रील बनाने में व्यस्त हैं। उन्होंने भाजपा परिषद में कई घोटाले होने के आरोप भी लगाए।



ट्रैफिक, पानी और ड्रेनेज व्यवस्था पर घेरा- नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि शहर में पार्षद, महापौर, विधायक, सांसद और मुख्यमंत्री भाजपा के हैं, प्रदेश में भी भाजपा की सरकार है। इसके बावजूद यातायात, पानी और ड्रेनेज जैसी बुनियादी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर की बदहाल व्यवस्थाओं के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। वे जल्द ही कांग्रेस पार्षद दल के साथ महापौर से मुलाकात कर स्वच्छता की उपलब्धि पर बधाई देंगी और विपक्ष की भूमिका पूरी ईमानदारी से निभाती रहेंगी।

भागीरथपुरा के पीड़ित पहुंचे महापौर का विरोध करने, स्वागत समारोह के बीच काली तख्तियां लेकर पहुंचे प्रदर्शनकारी, कांग्रेस ने 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला को कई घंटों तक थाने में बैठाने का लगाया आरोप



इंदौर। इंदौर में महापौर के स्वागत समारोह के बीच भागीरथपुरा दूषित पानी कांड के पीड़ित भी विरोध जताने एयरपोर्ट पहुंच गए। प्रदर्शनकारियों के हाथों में काली तख्तियां थीं, जिन पर पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने और हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग लिखी थी। तख्तियों पर 'लापरवाही बरतने वाले कब जेल जाएंगे' और 'पीड़ित परिवारों को न्याय कब मिलेगा' जैसे सवाल उठाए गए थे। प्रदर्शनकारी मामले में जवाबदेही तय करने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। हालांकि भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस ने उन्हें महापौर तक नहीं पहुंचने दिया। इस दौरान एयरपोर्ट पर एक ओर स्वच्छता अवॉर्ड को लेकर जश्न और स्वागत का माहौल था, वहीं दूसरी ओर भागीरथपुरा हादसे को लेकर पीड़ितों की नाराजगी भी सामने आई। गुरुवार दोपहर 2 बजे शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने एक वीडियो जारी कर आरोप लगाया कि महापौर और भाजपा ने एक 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला को कई घंटों से थाने में बैठाकर रखा है। कांग्रेस ने इसे पीड़ितों की आवाज दबाने की कोशिश बताया।

वक्फ कानून और घुसपैठ के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरा

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री गजेंद्र सिंह पटेल बोले- मोदी सरकार ने नए कानून में आदिवासियों की जमीनों के संरक्षण का किया प्रावधान, कांग्रेस पर लगाया वोट बैंक की राजनीति का आरोप

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री गजेंद्र सिंह पटेल ने वक्फ कानून, धर्मांतरण और घुसपैठ के मुद्दों पर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में वक्फ कानून में ऐसे प्रावधान किए थे, जिनसे आदिवासी समाज की जमीनों को नुकसान पहुंचने की आशंका थी। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने नए वक्फ कानून में आदिवासियों की जमीनों के संरक्षण का प्रावधान किया है।

पटेल ने कहा कि पहले वक्फ बोर्ड के पास जमीनों से जुड़े ऐसे अधिकार थे, जिनका दुरुपयोग होने पर आदिवासियों की जमीन प्रभावित हो सकती थी। नए कानून के तहत आदिवासी जमीन को वक्फ बोर्ड के नाम पर हस्तांतरित करने या उस पर कब्जा करने से सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने इस प्रावधान के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए दावा किया कि आदिवासी समाज इस कानून का समर्थन करता है।



घुसपैठ और वोट बैंक की राजनीति पर हमला- पटेल ने कांग्रेस पर घुसपैठ रोकने में नाकाम रहने और वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकारों के कार्यकाल में सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ बढ़ी, जिससे कई इलाकों का जनसंख्या संतुलन प्रभावित हुआ है। झारखंड का उदाहरण देते हुए उन्होंने दावा किया कि वहां के कई जिलों में मूल निवासी आदिवासी और हिंदू समाज अल्पसंख्यक स्थिति में पहुंच गया है, जबकि घुसपैठियों की संख्या बढ़ी है। पटेल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने कभी आदिवासी समाज के हितों को प्राथमिकता नहीं दी और उसकी नीतियों का खामियाजा आदिवासी समुदाय को भुगतना पड़ा।

फल बाग में दिसंबर तक तैयार होगा 30 एमएलडी का एसटीपी प्लांट

क्षेत्र की 12 पानी की टंकियों में पहुंचेगा नर्मदा का पानी, 50 हजार परिवारों को मिलेगी राहत

इंदौर। शहर में बढ़ते जल संकट के बीच फल बाग क्षेत्र में बन रहा 30 एमएलडी क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) दिसंबर तक बनकर तैयार हो जाएगा। प्लांट का काम तेजी से चल रहा है। इसके पूरा होने के बाद क्षेत्र की 12 पानी की टंकियों में नर्मदा का पानी पहुंचाया जाएगा, जिससे करीब 50 हजार परिवारों को नियमित जलापूर्ति का लाभ मिलेगा। खासकर गर्मी के दिनों में पानी की किल्लत से जूझने वाले क्षेत्रों के लिए यह परियोजना बड़ी राहत साबित हो सकती है। नगर निगम द्वारा फल बाग में तैयार किए जा रहे इस प्लांट की क्षमता प्रतिदिन 30 एमएलडी पानी के ट्रीटमेंट की होगी। परियोजना पूरी होने के बाद क्षेत्र की जलापूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिलेगी। अभी शहर के कई



इलाकों में गर्मी के दौरान पानी की मांग बढ़ने के साथ ही आपूर्ति का दबाव भी बढ़ जाता है। ऐसे में इस प्लांट के शुरू होने से जल प्रबंधन को बेहतर बनाने की उम्मीद है। इस परियोजना का सबसे बड़ा फायदा क्षेत्र की 12 पानी की टंकियों से जुड़े करीब 50 हजार परिवारों को मिलेगा। इन परिवारों के घरों तक नलों के माध्यम से नर्मदा का पानी पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी। इससे लोगों को पानी के लिए अतिरिक्त इंतजाम नहीं करने पड़ेंगे और जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार होगा। नगर निगम के जल कार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा ने बताया कि फल बाग में 30 एमएलडी क्षमता के एसटीपी प्लांट का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। दिसंबर तक इसका काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बाद प्लांट को शुरू करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। शहर में लगातार बढ़ती आबादी और पानी की मांग को देखते हुए जलापूर्ति के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना जरूरी हो गया है। ऐसे में फल बाग का यह प्रोजेक्ट पूरा होने पर हजारों परिवारों को राहत मिलने के साथ ही जल संकट के समय निगम को भी बड़ी मदद मिलेगी।

छावनी अनाज मंडी में दीपावली के बाद लौटी रौनक, मुहूर्त के सौदों के साथ हुआ नए व्यापारिक सीजन का आगाज

दीपावली मिलन समारोह में व्यापारियों और किसानों का धूमधाम से किया स्वागत, उत्साह और उल्लास के बीच निभाई परंपरा



इंदौर। दीपावली के पर्व के बाद छावनी अनाज मंडी में एक बार फिर व्यापारिक गतिविधियों ने रफ्तार पकड़ ली। शुभ मुहूर्त में अनाज के सौदे कर नए व्यापारिक सीजन की शुरुआत की गई। इस मौके पर मंडी में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। व्यापारियों ने परंपरागत रूप से मुहूर्त के सौदे किए और सुख-समृद्धि के साथ कारोबार में बरकत की कामना की। छावनी अनाज मंडी में इस अवसर पर दीपावली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। मंडी पहुंचने वाले व्यापारियों, किसानों और अतिथियों का धूमधाम से स्वागत किया गया। सभी ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और मिठाई खिलाकर खुशियां साझा कीं। समारोह में आपसी मेल-मिलाप और भाईचारे की झलक देखने को मिली। छावनी अनाज मंडी शहर की प्रमुख अनाज मंडियों में शामिल है। यहां बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर पहुंचते हैं और व्यापारियों के माध्यम से अनाज का कारोबार होता है। दीपावली के बाद मुहूर्त के सौदों के साथ मंडी में नए सिरे से व्यापारिक गतिविधियों की शुरुआत होना वर्षों पुरानी परंपरा का हिस्सा है। समारोह के दौरान व्यापारियों में खासा उत्साह नजर आया। मंडी परिसर में स्वागत और मिलन का माहौल बना रहा। व्यापारियों ने नए सीजन में बेहतर कारोबार, किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलने और मंडी में व्यापारिक गतिविधियां लगातार बढ़ने की उम्मीद जताई। इस तरह छावनी अनाज मंडी में मुहूर्त के सौदों और दीपावली मिलन समारोह के साथ परंपरा, कारोबार और आपसी सौहार्द का अनूठा संगम देखने को मिला।

पुलिस ड्यूटी मीट में चयन के लिए हुआ पुलिस टीम का टेस्ट

इंदौर। बेहतर पुलिसिंग की दिशा में पुलिसकर्मियों में दक्षता उन्नयन को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मुंबई महाराष्ट्र में 70वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट प्रतियोगिता 2026-27 आयोजित की जावेगी। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य स्तर पुलिस ड्यूटी मीट में सहभागिता हेतु इंदौर पुलिस टीम के चयन के लिए पुलिस कमिश्नर संतोष कुमारसिंह के दिशा निर्देशन में एक दक्षता परीक्षा का आयोजन गुरुवार को रानी सराय स्थित पुलिस कार्यालय में किया गया। इसमें इंदौर पुलिस के सभी जोन से अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजित चयन-परीक्षा में प्रतिभागियों ने फोरेंसिक साइंस, क्राइम इन्वेस्टिगेशन, क्रिमिनल लॉ एंड प्रोसीजर्स, मेडिको-लीगल एवं फिंगर प्रिंट सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की प्रायोगिक परीक्षाओं में भाग लेकर अपनी तकनीकी एवं व्यावहारिक दक्षता का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही पुलिस पोट्रेट की प्रायोगिक परीक्षा के माध्यम से भी प्रतिभागियों के कौशल एवं विशेषज्ञता का आकलन किया गया। इस अवसर पर सीन ऑफ क्राइम मोबाइल यूनिट, इंदौर के समस्त वैज्ञानिक अधिकारियों द्वारा प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया तथा विभिन्न विषयों में आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन एवं महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। इस आयोजन का उद्देश्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों में वैज्ञानिक अनुसंधान, अपराध विवेचना एवं आधुनिक तकनीकी विधियों के प्रति दक्षता और विशेषज्ञता को प्रोत्साहित करना है। चयनित प्रतिभागी मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय पुलिस ड्यूटी मीट प्रतियोगिता में इंदौर पुलिस कमिश्नरेट का प्रतिनिधित्व करेंगे।

दो पक्षों में मारपीट, बीयर की बोतल और लात-घूंसों से हमला

इंदौर। एक वाइन शॉप के बाहर शराब पीने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। एक पक्ष ने जहां बीयर की बोतल से हमला कर दिया वहीं दूसरे पक्ष के साथ भी लात-घूंसों से मारपीट कर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज कर लिया है। राजेंद्र नगर पुलिस के अनुसार विवाद और मारपीट दुर्गा नगर स्थित वाइन शॉप के सामने हुई। पुलिस ने एक पक्ष से फरियादी अनिल पिता शेषराव हतागले, निवासी भीम नगर की रिपोर्ट पर आरोपी संजू और उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने बताया कि वह वाइन शॉप के पास शराब पीने गया था तभी आरोपी संजू और उसके साथियों ने विवाद कर गालियां दीं। विरोध करने पर उसने बीयर की बोतल से सिर पर वार कर दिया। फिर लात-घूंसों से मारपीट की। पुलिस ने दूसरे पक्ष से फरियादी संजय पिता राजगिरि गोस्वामी, निवासी दुर्गा नगर की ओर से भी केस दर्ज किया है। फरियादी ने बताया कि मैं वहां से पैदल गुजर रहा था तभी आरोपी अनिल हतागले और साथियों ने उसे गालियां दी और हाथ-मुक्कों से मारपीट की। हमले में सिर, हाथ, मुंह और पैर में गंभीर चोटें आई हैं।

आपसी विवाद में मारपीट, 4 के खिलाफ केस दर्ज

इंदौर। गांधी नगर थाना क्षेत्र में आपसी विवाद में आरोपियों ने फरियादी के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने 4 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना गांधी नगर पुलिस के अनुसार मारपीट की घटना अरिहंत नगर इलाके में हुई। फरियादी अनिल पिता रामुलाल भैरवे की रिपोर्ट पर आरोपी कुंदन शर्मा, अमित शर्मा, प्रिंस शर्मा, गणेश शर्मा निवासी अरिहंत नगर और अन्य साथी के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी कुंदन ने गालियां दी और बोला कि तेरी ह्यित कैसे हुई मेरे बच्चे को रोकने की जब गालियां देने से मना किया तो आरोपियों ने जातिसूचक शब्द कहे और मारपीट की। पुलिस केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

बीमार पत्नी का इलाज कराया बंद, पूछा तो सालों ने जीजा को पीटा

इंदौर। तेजाजी नगर क्षेत्र में बीमार महिला का इलाज बंद करवा देने को लेकर हुए विवाद में पति ने जब अपने तीन सालों से सवाल किया तो आरोपियों ने मिलकर अस्पताल के सामने ही जमकर धुनाई कर दी। उसे लात-घूंसों से पीटा और घायल कर दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। नगर पुलिस के मुताबिक विवाद और मारपीट की घटना कल रात 10 बजे खंडवा रोड स्थित दिव्य ज्योति अस्पताल के सामने हुई। घायल का नाम कल्याण सिंह पिता लखन सिंह भाबर (42) निवासी ग्राम काचरोड, सिमरोल है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी श्यामलाल गिरवाल, रामजीलाल गिरवाल और श्रीलाल गिरवाल निवासी ग्राम उमठ, सिमरोल के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि अस्पताल में मेरी पत्नी लक्ष्मी का इलाज चल रहा था।

शराबी बेटे ने मां मार दिया चाकू

इंदौर। शराब के नशे में धुत बेटे ने अपनी ही 60 वर्षीय मां के साथ के मारपीट की और चाकू से वार कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक पारिवारिक विवाद में सिंहासा की घटना ग्राम लिंबोदी में बुधवार की रात 9 बजे हुई। पुलिस ने पीड़िता सुशीला, पति कमल डालके (60) निवासी अंबे माता मंदिर के पास, लिंबोदी की रिपोर्ट पर उसके बेटे रोहित डालके के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि कल रात आरोपी बेटा शराब पीकर घर आया और बेवजह विवाद किया। उसने गालियां दी। जब मैंने उसे गालियां देने से मना किया तो वह हाथापाई करने लगा। जमकर मारपीट की और चाकू से वार कर दिया। चाकू हाथ में लगने से चोट आई और खून बहने लगा था। पुलिस आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

1.48 लाख का साइबर फ्रॉड,तत्काल रिफंड करवाई राशि

इंदौर। क्राइम ब्रांच द्वारा ऑनलाइन साइबर ठगी में आवेदक के 1,48,000/- रुपए रिफंड करवाए गए। इलेक्ट्रानिकस व्यवसायी के साथ हुई थी ऑनलाइन ठगी हुई थी। आवेदक की बिना जानकारी से डाउनलोड हुई एपीके फाइल डाउनलोड होने से खाते से निकले पैसे । क्राइम ब्रांच की त्वरित कार्यवाही से राशि संदिग्ध खातों में फ्रीज करवाकर कोर्ट आदेश के माध्यम से रिफंड कराए गए। क्राइम ब्रांच की साइबर फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन टीम को ऑनलाइन ठगी की शिकायतों पर शीघ्र एवं परिणामोन्मुख कार्यवाही के लिए सक्रिय किया गया है। इसी क्रम में, क्राइम ब्रांच इंदौर की फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन टीम के द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर प्राप्त शिकायत पर तत्परता से कार्यवाही की गई। शिकायतकर्ता जो कि इलेक्ट्रानिकस व्यवसायी हैं, के साथ 1.48 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी की गई थी। आवेदक द्वारा बताया गया कि उनके फोन में बिना जानकारी के एक संदिग्ध एपीके डाउनलोड हो गई जिसके कारण आवेदक के फोन से पैसे कटने लगे, एक दिन जब आवेदक को किसी को पैमैंट करना था तब अपना बैंक खाता खाली देख कर आवेदक को पता चला कि उसके साथ फ्राड हुआ, जिसके बाद उन्होंने तत्काल 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराई। दिल्ली के संदिग्ध खाते को फ्रीज करवाकर राशि होल्ड करवाई गयी और कोर्ट आदेश के माध्यम से संपूण राशि 1,48,000/- रुपए की राशि रिफंड करवाई गई।

ब्राउन शुगर,गांजे और चरस के साथ आरोपी गिरफ्तार

इंदौर। तीन थाना क्षेत्रों से नशे के सौदागरों को ब्राउन शुगर,गांजे और चरस सहित गिरफ्तार किया गया। इनसे पूछताछ में कई अन्य नशेडियों और ड्रग्स पैडलर्स के बारे में जानकारी मिली है। पुलिस संयोगितागंज ने एक शातिर तस्कर जावेद गनी उम्र 55 निवासी ऊषागंज छावनी को पकड़कर उसके पास से 1.237 ग्राम अवैध गांजा जप्त कर एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही की गई । पुलिस आजाद नगर द्वारा आनंदा ग्रैंड कॉलोनी के पास मैदान से एक आरोपी मुजम्मिल शेख उम्र 28 वषज् निवासी मदीना नगर को 7.58 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस पंढरीनाथ द्वारा अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले बदमाश सेजाद खान उम्र 52 निवासी खजराना को गिरफ्तार कर उससे 18.33 ग्राम से अधिक चरस जप्त की गई। इन सभी आरोपियों से अलग-अलग पूछताछ की जा रही है।

चोरों ने उड़ाई नकदी जेवर और बाइक, सूने मकान को बनाया नशाना

इंदौर। बाणगंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत शांति नगर में चोरों ने एक सूने मकान को अपना निशाना बनाते हुए धावा बोल दिया। अज्ञात बदमाश घर का ताला चटकाकर अंदर घुसे और अलमारी में रखे कीमती सोने के जेवर, नकदी रुपए तथा घर के अंदर खड़ी मोटरसाइकिल चुराकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, घटना बाणगंगा थाना क्षेत्र के बालाजी विहार, शांति नगर की है। फरियादी अजय सिंह पिता प्रहलाद सिंह राजपूत, निवासी बालाजी विहार, शांति नगर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि जब उनका घर सूना था, तब किसी अज्ञात बदमाश ने मौका पाकर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ दिया। बदमाश घर के अंदर दाखिल हुए और बेडरूम में रखी अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे नगदी रुपए तथा सोने के आभूषण जिनमें सोने का हार, मंगलसूत्र और चूड़ी शामिल हैं पार कर दिए।

डेली कॉलेज में बिहार, सौराष्ट्र, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर की टीमों ने की नेट प्रैक्टिस, वैभव ने जमकर बहाया पसीना

14 नवंबर से होलकर स्टेडियम और डेली कॉलेज में शुरू होगा क्रिकेट का रोमांच, कल पंजाब, हरियाणा, रेलवे और तमिलनाडु की टीमें करेंगी अभ्यास

टूर्नामेंट के मुकाबले शुरू होने से पहले दोनों मैदानों पर तैयारियां तेज हो गई हैं। टीमों के अभ्यास के लिए अलग-अलग समय निर्धारित किया गया है, ताकि खिलाड़ियों को पर्याप्त समय और बेहतर सुविधाएं मिल सकें। डेली कॉलेज में गुरुवार को चार टीमों के अभ्यास के बाद शुक्रवार को भी मैदान पर क्रिकेटरों की हलचल रहेगी।

कल चार टीमें करेंगी अभ्यास- शुक्रवार को पंजाब, हरियाणा, रेलवे और तमिलनाडु की टीमें नेट प्रैक्टिस करेंगी। इनके अभ्यास सत्र सुबह और शाम के समय





अलग-अलग रखे गए हैं। टीमें निर्धारित समय पर मैदान पहुंचकर बल्लेबाजी और गेंदबाजी का अभ्यास करेंगी। इसके साथ ही खिलाड़ी मैदान की परिस्थितियों और पिच के मिजाज को समझने की कोशिश करेंगे। 14 नवंबर से शुरू होने वाले मुकाबलों में देशभर की मजबूत टीमें हिस्सा लेंगी। होलकर स्टेडियम और डेली कॉलेज में होने वाले मैचों को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में भी उत्साह है। आने वाले दिनों में इन दोनों मैदानों पर चौके-छक्कों और तेज गेंदबाजी का रोमांच देखने को मिलेगा।

10 साल की ईरा ने बनाए 6 वर्ल्ड रिकॉर्ड

दुनिया की सबसे कम उम्र की क्वलिफाइड स्कूबा डाइवर बनीं, माता-पिता नेवी में कमांडर



मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के बुलढाणा की 10 साल की ईरा आदित्य राउत ने स्कूबा डाइविंग में एक दिन में 6 वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए हैं। उन्होंने 10 साल, 17 घंटे और 35 मिनट की उम्र में दुनिया की सबसे कम उम्र की क्वालिफाइड स्कूबा डाइवर बनने का रिकॉर्ड बनाया। ईरा ने यह उपलब्धि अंडमान-निकोबार के शहीद द्वीप स्थित डाइव ट्राइब सेंटर में हासिल की। उनके माता-पिता दोनों भारतीय नौसेना में कमांडर हैं।

- **एसएसआई ने डाइविंग योग्यता प्रमाणित की, 6 रिकॉर्ड की पुष्टि हुई-** ईरा की स्कूबा डाइविंग योग्यता को अंतरराष्ट्रीय संस्था स्कूबा स्कूल्स इंटरनेशनल (एसएसआई) ने प्रमाणित किया है। वहीं, इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के निर्णायक अरविंदर सिंह भाटी ने मौके पर उनके सभी 6 रिकॉर्ड की जांच कर पुष्टि की।
- **पानी के अंदर 1 मिनट में सबसे ज्यादा हैंड सिग्नल दिखाए-** ईरा ने सबसे कम उम्र की क्वालिफाइड स्कूबा डाइवर बनने के अलावा पानी के अंदर कई रिकॉर्ड बनाए। इनमें तीन रिकॉर्ड टीनएज से कम उम्र के प्रतिभागियों की कैटेगरी में दर्ज हुए।

हैंड सिग्नल- पानी के अंदर 1 मिनट में सबसे ज्यादा स्कूबा डाइविंग हैंड सिग्नल दिखाने का रिकॉर्ड।

डाइविंग उपकरणों की पहचान- पानी के नीचे सबसे ज्यादा डाइविंग उपकरणों की पहचान करने का रिकॉर्ड।

सबसे ज्यादा दूरी- पानी के अंदर 1 मिनट में सबसे ज्यादा दूरी तय करने का रिकॉर्ड।

समुद्री जीवों की पहचान- स्कूबा डाइविंग के दौरान सबसे ज्यादा समुद्री जीवों की प्रजातियों की पहचान करने का रिकॉर्ड।

एक दिन में 6 रिकॉर्ड:

एक ही दिन में 6 अलग-अलग वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का कीर्तिमान।ईरा ने एक ही दिन में तीन रिकॉर्ड अपने नाम किया।

पिता-मां नेवी में कमांडर, दादा भी रह चुके नौसेना अधिकारी



ईरा के पिता कमांडर आदित्य राउत और मां कमांडर स्नेह बुडाकोटी भारतीय नौसेना में सेवाएं दे रहे हैं। उनके दादा अशोक राजाराम राउत भी नौसेना में कमांडर रह चुके हैं। ईरा का परिवार मूल रूप से महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले का रहने वाला है।ईरा फिलहाल कर्नाटक के कारवार स्थित नेवल चिल्ड्रन स्कूल में कक्षा 5वीं की छात्रा हैं। नौसेना से जुड़े परिवार में पली-बढ़ीं ईरा ने कम उम्र में ही स्कूबा डाइविंग जैसे एडवेंचर स्पोर्ट्स में रुचि दिखाई।

सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगी टीम इंडिया

आज पहली बार कप्तानी करेंगे श्रेयस अय्यर



माउंट माउंगानुई (एजेंसी)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की वनडे सीरीज का चौथा मुकाबला शुक्रवार को माउंट माउंगानुई में खेला जाएगा। टीम इंडिया फिलहाल सीरीज में 2-0 से आगे है और उसकी नजर इस मुकाबले को जीतकर सीरीज अपने नाम करने पर होगी। वहीं, न्यूजीलैंड के लिए यह मुकाबला करो या मरो जैसा है। इस मैच में भारतीय टीम की कप्तानी श्रेयस अय्यर करते नजर आएंगे, क्योंकि शुभमन गिल टेस्ट सीरीज की तैयारियों के लिए टीम से बाहर हो गए हैं।

पहली बार वनडे कप्तानी श्रेयस के लिए सबसे बड़ी चुनौती - चौथे वनडे में श्रेयस अय्यर के लिए सबसे बड़ी चुनौती कप्तानी के साथ बल्लेबाजी में भी खुद को साबित करने की होगी। वह पहली बार भारतीय वनडे टीम की कप्तानी संभालेंगे। हालांकि, इस सीरीज में उनकी बल्लेबाजी चर्चा का विषय रही है और शॉर्ट गेंदों के खिलाफ उनकी परेशानी एक बार फिर सामने आई है।

शुभमन गिल समेत ये खिलाड़ी टीम से हुए बाहर- न्यूजीलैंड के खिलाफ बाकी दो वनडे मुकाबलों के लिए भारतीय टीम में कई बदलाव किए गए हैं। शुभमन गिल टेस्ट सीरीज की तैयारियों पर ध्यान देने के लिए टीम से बाहर हो गए हैं। उनके अलावा केएल राहुल और अंशुल कंबोज भी रेड बॉल क्रिकेट की तैयारी के लिए टीम छोड़ चुके हैं। इन खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में रुतुराज गायकवाड़, ईशान किशन और मोहम्मद सिराज जैसे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल सकता है।

रोहित शर्मा के साथ कौन करेगा ओपनिंग- शुभमन गिल के टीम से बाहर होने के बाद सबसे बड़ा सवाल यह है कि चौथे वनडे में रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत कौन करेगा। इसके लिए ईशान किशन और रुतुराज गायकवाड़ दो प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। रोहित शर्मा भी इस दौरे पर अब तक बड़ी पारी नहीं खेल पाए हैं। उन्होंने सीरीज में अब तक 0 और 23 रन बनाए हैं।

प्रदूषण में ऑक्सीजन कैसे बेहतर रखें?

पांच आसान आदतें फेफड़ों पर प्रदूषण का असर कम करने में मदद कर सकती हैं

दिवाली के बाद कई इलाकों में बढ़ा वायु प्रदूषण सांस लेने वालों के लिए परेशानी बढ़ा सकता है। प्रदूषित हवा में मौजूद महीन कण फेफड़ों की कार्यक्षमता पर असर डाल सकते हैं। ऐसे में शरीर को पर्याप्त ऑक्सीजन मिलती रहे, इसके लिए कुछ सावधानियां मददगार हो सकती हैं। पहली, जब हवा की गुणवत्ता खराब हो तो अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें और बाहर जाते समय अच्छी गुणवत्ता वाला मास्क पहनें। दूसरी, प्रदूषण ज्यादा होने पर खुले में तेज व्यायाम करने के बजाय घर के भीतर हल्की कसरत करें। तीसरी, पर्याप्त पानी पिएं और संतुलित आहार लें। चौथी, घर के अंदर धुआं, अगरबत्ती और तंबाकू के धुएं से दूरी रखें तथा उचित वेंटिलेशन बनाए रखें। पांचवीं, डॉक्टर की सलाह के अनुसार सांस संबंधी व्यायाम करें। ध्यान रखें, सामान्य व्यक्ति में केवल घरेलू उपायों से रक्त में ऑक्सीजन अचानक बढ़ाने की जरूरत नहीं होती।



सांस फूलना, सीने में दर्द या होंठ नीले पड़ना जैसे लक्षण हों तो तुरंत चिकित्सकीय मदद लें।

विकसित भारत

का लक्ष्य 2047 तकः मोदी

शताब्दी वर्ष तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प, सामूहिक प्रयास पर जोर



रणजीत टाइम्स
ranjeettimes.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत ने वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का बड़ा लक्ष्य तय किया है। स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ तक भारत को विकसित देश बनाने का यह संकल्प पूरे देश की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार, उद्योग, किसान, युवा और देश के प्रत्येक नागरिक को अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने आत्मनिर्भरता, सुधार, नवाचार और आधुनिक बुनियादी ढांचे को विकसित भारत की आधारशिला बताया। मोदी के अनुसार, 2047 का लक्ष्य केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत को मजबूत, आत्मनिर्भर, तकनीकी रूप से सक्षम और वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली राष्ट्र बनाना भी इसका हिस्सा है। उन्होंने कहा कि ऊंचे लक्ष्य और मजबूत संकल्प ही देश की क्षमताओं को नई ऊंचाई तक ले जाएंगे।

लाडली बहनों को आज मिलेगी बड़ी सौगात

CM डॉ. मोहन करेंगे 42वीं किस्त जारी, खाते में आएंगे 1500 रुपए

रणजीत टाइम्स
ranjeettimes.com

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल शिवपुरी जिले के पिछोर से प्रदेश की 1 करोड़ 24 लाख 81 हजार 550 पात्र महिलाओं के बैंक खातों में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 42वीं किस्त के रूप में 1,831 करोड़ 77 लाख रुपये से अधिक की राशि अंतरित करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवपुरी जिले में 221 करोड़ रुपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी करेंगे। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की शुरुआत जून 2023 में की गई थी।

शुरुआत में पात्र महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती थी। अक्टूबर 2023 में राशि बढ़ाकर 1,250 रुपये किया गया। इसके बाद नवंबर 2025 से मासिक सहायता में फिर 250 रुपये की वृद्धि कर इसे 1,500 रुपये कर दिया गया। वर्तमान में पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1,500 रुपये की आर्थिक



सहायता सीधे उनके आधार से जुड़े डीबीटी सक्रिय बैंक खातों में अंतरित की जा रही है।

जून 2023 से अब तक 69 हजार करोड़ से अधिक की सहायता9 जून 2023 में लगभग सवा करोड़ महिलाओं को प्रथम किस्त का अंतरण किया गया था।

अक्टूबर 2026 तक योजना की 41 मासिक किस्तों के माध्यम से पात्र महिलाओं के खातों में 67 हजार 230 करोड़ 96 लाख रुपये की राशि अंतरित की जा चुकी है। नवंबर 2026 में 42वीं किस्त के अंतरण के बाद योजना के प्रारंभ से कुल आर्थिक सहायता राशि बढ़कर लगभग 69 हजार 50 करोड़ 28 लाख रुपये हो जाएगी। नियमित मासिक सहायता के अतिरिक्त अगस्त 2023, अगस्त 2024, अगस्त 2025 और अगस्त 2026 में चार अवसरों पर पात्र महिलाओं को 250 रुपये की विशेष आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई है।

वित्तीय वर्ष 2026-27 में 23,882 करोड़ से अधिक का बजट प्रावधान9 राज्य सरकार ने योजना के निरंतर और प्रभावी संचालन के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 23 हजार 882 करोड़ 81 लाख रुपये का बजट प्रावधान किया है। योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में 14 हजार 726 करोड़ 5 लाख रुपये, वर्ष 2024-25 में 19 हजार 51 करोड़ 39 लाख रुपये तथा वर्ष 2025-26 में 20 हजार 318 करोड़ 53 लाख रुपये व्यय किए गए।

वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में अक्टूबर तक 13 हजार 134 करोड़ 97 लाख रुपये की सहायता प्रदान की जा चुकी है। नवंबर की किस्त के अंतरण के बाद चालू वित्तीय वर्ष में कुल सहायता राशि बढ़कर लगभग 14 हजार 954 करोड़ 27 लाख रुपये हो जाएगी।

मां की तेरहवीं में जुटेंगे दिग्गज

राजनाथ, योगी और ओम बिरला भोपाल पहुंचेंगे, वीवीआईपी दौरे को लेकर सुरक्षा कड़ी



पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मां की तेरहवीं में शामिल होने के लिए कई बड़े नेता भोपाल पहुंचेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला समेत कई दिग्गजों के आने की सूचना है। वीवीआईपी नेताओं के दौरे को देखते हुए राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। भोपाल एयरपोर्ट से नर्मदापुरम रोड स्थित वृंदावन गार्डन तक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। मार्ग पर बैरिकेडिंग के साथ यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है।

प्रशासन ने वीआईपी आवागमन को देखते हुए पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी है। प्रमुख चौराहों और मार्गों पर जवानों की तैनाती रहेगी। शिवराज सिंह चौहान की मां के निधन के बाद बड़ी संख्या में राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र के लोग शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंच चुके हैं। तेरहवीं में भी कई प्रमुख नेताओं के शामिल होने की संभावना है।

किश्तवाड़ में दो एसपीओ शहीद

खरगे ने जताया दुख, बोले- आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुट



जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में आतंकियों के हमले में दो विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) की शहादत पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गहरा दुख जताया है। उन्होंने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। खरगे ने इस घटना को आतंकवाद का कायराना कृत्य बताते हुए कहा कि आतंक के खिलाफ लड़ाई में देश पूरी तरह एकजुट है। उन्होंने सुरक्षा बलों के साहस और बलिदान को नमन करते हुए आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया। किश्तवाड़ में हुई इस घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हैं और इलाके में आतंकियों की तलाश तेज कर दी गई है। शहीद एसपीओ के बलिदान ने एक बार फिर जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ चल रही लड़ाई की गंभीरता को सामने ला दिया है।